हिन्दी

पाठ–10

झांसी की रानी

प्रश्न1. 'किंतु कालगति चुपके–चुपके काली घटा घेर लाई'।

(क) इस पंक्ति में किस घटना की ओर संकेत है?

उत्तर– इसमें लक्ष्मीबाई के पति राजा गंगाधर राव की मृत्यु की घटना की ओर संकेत है।

(ख) काली घटा घिरने की बात क्यों कही गई है?

उत्तर– काली घटा घिरने की बात इसलिए कही गई है क्योंकि रानी के विधवा होने के परिणाम स्वरूप उसके ऊपर मुसीबतें आ गई।

प्रश्न2. कविता की दूसरी पंक्ति में भारत को 'बूढ़ा' कह कर उसमें 'नयी जवानी' आने की बात कहकर सुभद्रा कुमारो चौहान क्या बताना चाहती हैं?

उत्तर– सुभद्रा कुमारी चौहान ने भारत को 'बूढ़ा' कहा है। यह इसलिए कि जब भारत की दशा शिथिल और जर्जर हो चुकी थी। 'नयी जवानी' की बात इसलिए कही गई है कि स्वतंत्रता संग्राम की क्रांति ने बूढ़े भारत में भी उत्साह की लहर दौड़ा दी थी। कवियत्री यही घटना कहना चाहती हैं कि इस क्रांति ने देश को आलस्य मुक्त कर उत्साही बना दिया था।

प्रश्न3. झांसी की रानी के जीवन की कहानी अपने शब्दों में लिखो?

उत्तर– झांसी की रानी लक्ष्मी बाई की कहानी बहुत ही वीरता पूर्ण है। जैसे नकली युद्ध व्यूह की रचना आदि। ब्रिटिश राज्य झांसी पर कब्जा करने आया तब भी रानी ने वीरता पूर्वक उसका सामना किया कुल 23 वर्ष की उम्र में ही रानी को वीरगति प्राप्त हो गई थी।

प्रश्न4. वीर महिला की इस कहानी में कौन–कौन से पुरुषों के नाम आए हैं?

उत्तर– नाना धूध पंथ पेशवा, वीर शिवाजी, डलहौजी, तांतिया, अजीमुल्लाह खान, अहमदशाह मौलवी, ठाकुर कुंवर सिंह, लेफ्टिनेंट वॉकर सिंधिया, जनरल स्मिथ और ह्यूरोज।

प्रश्न5. सुभद्रा कुमारी चौहान लक्ष्मीबाई को 'मर्दानी' क्यों कहती है?

उत्तर– सुभद्रा कुमारी चौहान लक्ष्मीबाई को 'मर्दानी' इसलिए कहती है क्योंकि वह एक औरत थी, फिर भी उनका स्वभाव और हौसला मर्दों जैसा था।